दिल्ली की टॉपर शिविका

■ **विस, लाजपत नगर :** शिविका डुडानी के लिए 10वीं का रिजल्ट स्पेशल खुशी लेकर आया। शिविका उन 25 स्टूडेंट्स में शामिल हैं, जो 99.6% नंबर के साथ दूसरी पोजिशन पर हैं। वो सीबीएसई सेकंड टॉपर हैं मगर दिल्ली में नंबर 1 पर हैं। शिविका कहती हैं, मैंने 97-98% स्कोर की उम्मीद की थी, 99 प्लस तो सोचा ही नहीं था। और मेरिट लिस्ट में दूसरी पोजिशन, तो सरप्राइज बन गया। शिविका कहती हैं, मेरी पूरी फैमिली बहुत खुश है और शाम से फोन पर फोन आ रहे हैं। यह मेरी लाइफ का स्पेशल पल है।

'यह मेरी लाइफ का सबसे स्पेशल पल'

शिविका को मैथ्स और हिंदी में 99 मार्क्स मिले हैं, बाकी साइंस, सोशल साइंस और इंग्लिश में उनके 100 मार्क्स हैं। वह कहती हैं, मैं सालभर पढ़ाई के लिए रेगुलर रही, दो-तीन घंटे पढ़ाई की और कोई टाइमटेबल फॉलो नहीं किया। जब मन किया, तब पढ़ लिया। असाइनमेंट वक्त पर पूरे किए, टेस्ट के लिए टारगेट बनाकर पूरे साल चली। हां, बोर्ड एग्जाम के दौरान मैंने 12 से 14 घंटे पढ़ाई की। दरअसल, मैं पहले बोर्ड एग्जाम को लेकर नर्वस भी थी क्योंकि स्कूल में टीचर्स बोर्ड को लेकर कहते रहते थे। वैसे, बाद में मैं कूल हो गई थी। शिविका अब मेडिकल स्ट्रीम से 11वीं और 12वीं की पढ़ाई करेंगी। वह कहती हैं, मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं और नीट की तैयारी अभी से शुरू करनी है। आर्ट और क्राफ्ट में भी शिविका दिलचस्पी रखती हैं।

Navbharat Times, page 4, May 7, 2019 edition